दिनांक 30.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री सुदंरानी के निर्देश पर नियमित साफ सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रि कालीन सफाई कार्य जारी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री सुदंरानी के द्वारा निरंतर साफ–सफाई व्यवस्था को लेकर सभी जोन के आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सहायक स्वच्छता निरीक्षक, स्वास्थ्य एवं राजस्व अमला एवं सुपरवाइजरों की संयुक्त बैठक पिछले दिनों निगम सभागार में ली थी उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वे साफ सफाई के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें एवं गंदगी फैलाए जाने वाले नागरिकों एवं व्यापारियों से अर्थदंड की कार्यवाही करें।

नियमित साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का मेरे द्वारा लगातार विभिन्न जोन में आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। समस्त जोन में पदस्थ स्वच्छता निरीक्षक स्वयं कार्यस्थल में उपस्थित रहकर रात्रिकालीन की जा रही सफाई के कार्य को करावे।

आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार निगम के जोन क्र. 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से की जा रही साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन में भी सफाई के कार्य किये जा रहें हैं। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक के देखरेख में निगम का स्वास्थ अमला के द्वारा जोन 04 वार्ड 38, 37, 36 में साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ स्वच्छता एप डाउनलोड कराया जा रहा है, जोन 06 रिसाली वार्ड 44 टंकी मरोदा,स्टेशन मरौदा, नेवई, रूआबांधा, कृष्णा टॉकीज रोड शीतला मंदिर एवं तालाब के आसपास वार्डो में नालियों की साफ सफाई के साथ कचरा उठाया गया। जोन–1,2,3,4 स्मृति नगर, नेहरु नगर बाजार, जुनवानी, माडल टाऊन सड़क,कोसानगर, के पी एस स्कुल रोड,सुपेला रेल्वे क्रासिंग से घड़ी चौक तक, आकाश गंगा, सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब, शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, स्टेशन रोड मरोदा, के0पी0एस0 स्कुल मार्ग, जुनवानी, सुपेला रेलवे क्रॉसिंग से राजेंद्र प्रसाद चैक तक मुख्य मार्ग, रविशंकर शुक्ला मार्केट, शास्त्री मार्केट, जलेबी चौक सहित सार्वजनिक शौचालय सहित अन्य स्थलों में सफाई की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी